दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 135 मुरादाबाद 10 September 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## विभिन्न योजनाओं के 50 लाभार्थियों को मोबाइल, गैस चूल्हा, ट्राईसाइकिल और समूहों को चेक का वितरण किया

गाजीपुर- जौनपुर जिले में मुख्यमंत्री को काला कपड़ा दिखाने की जानकारी मिलने के बाद जिला पुलिस प्रशासन ने काफी सख्ती करते हुए सीएम के कार्यक्रम के दौरान काला कपड़ा लेकर जाने पर रोक लगा दी। पुलिस ने दो स्थानों पर काला कपड़ा रखवा कर ही लोगों को आगे जाने दिया। शुक्रवार की दोपहर एक बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजीपुर पहुंचे तो सुरक्षा कड़ी कर दी गई। इस दौरान मुख्यमंत्री पीजी कालेज के संस्थापक बाबू राजेश्वर प्रसाद सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। वहीं गाजीपुर पहुंचने पर पीजी कालेज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फूल माला से स्वागत किया गया। जिले में विभिन्न योजनाओं के 50 लाभार्थियों को मोबाइल, गैस चूल्हा, ट्राईसाइकिल और समूहों को चेक का वितरण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को जिले में एक घंटा 50 मिनट रहे। सीएम के कार्यक्रम को लेकर गुरुवार की देर रात तक तैयारी



चलती रही। सीएम की सुरक्षा को देखते हुए पीजी कालेज के आसपास सात सौ मीटर एरिया को पूरी तरह से ब्लाक कर दिया गया। इसके अंदर कोई बिना जांच कराए प्रवेश नहीं कर सका। वहीं वाहनों को विकास भवन चौराहे के पास ही रोक दिया जाएगा। इसके लिए वहां बैरिकेडिंग कर दी गई था। मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर पुलिस लाइन में बने हेलीपैड पर लैंड करेगा। यहां से वह बाइ कार द्वारा पीजी कालेज पहुंचेंगे। कालेज के संस्थापक बाबू राजेश्वर प्रसाद सिंह के आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद उनके स्वजन से मिलेंगे। इसके लिए सीएम के आधे घंटे का कार्यक्रम आरक्षित रखा गया है। यहां से वह पीजी कालेज के ग्राउंड पहुंचकर जनसभा को संबोधित रहेंगे। सीएम के आगमन को लेकर कालेज के आसपास चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात रहेगी। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह और पुलिस अधीक्षक रोहन पी. बोत्रे गुरुवार को कई बार पीजी कालेज और सभा स्थल पर पहुंचे। चल रही तैयारियों का जायजा लेने के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। पीजी कालेज खेल मैदान पर गुरुवार की देर शाम मंच तैयार कर दिया गया। डीएम एमपी सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्मार्ट फोन, ट्राईसाइकिल, गैस चूल्हा, सिलाई मशीन के साथ-साथ जनपद के समूहों को 5.71 करोड़ का चेक सौंपेंगे। सदर एसडीएम प्रतिभा मिश्रा और सीओ गौरव कुमार पूरे दिन यहीं जमे रहे।

## हिंदी के साथ-साथ उर्दू में भी लिखे जाएंगे UP के सरकारी अस्पतालों के नाम, सभी CMO को निर्देश जारी

यूपी के सरकारी अस्पतालों के नाम अब हिंदी के साथ उर्दू में लिखे जाएंगे। यह निर्देश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को जारी किए गए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए गए हैं कि वे अपने नाम की तख्तियों पर हिंदी के साथ उर्दू में भी नाम लिखें। उन्नाव के रहने वाले मोहम्मद हारुन नामक व्यक्ति ने चिट्ठी लिखकर शिकायत की थी कि दूसरी राजभाषा के रूप में मान्यता होने के बावजूद यूपी के विभिन्न विभागों में इसका पालन नहीं हो रहा है। चिट्ठी में चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग में भी इसका पालन न किए जाने की शिकायत की गई थी। इसके बाद प्रदेश के निदेशक स्वास्थ्य केंद्र डा.शैलेष की ओर से शासनादेश के पालन का निर्देश दिया गया है। बता दें कि इस शासनादेश के बाद यूपी के सभी 167 सरकारी जिला अस्पतालों, 873 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और 2934 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के नाम हिंदी के साथ-साथ उर्दू में भी लिखे जाएंगे। इसी के साथ विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी अपने नाम की तख्तियों पर हिंदी के साथ-साथ उर्दू में भी नाम लिखेंगे।

### भाषा विभाग ने 1989 में जारी की थी अधिसूचना

गौरतलब है कि भाषा विभाग ने 7 अक्टूबर 1989 को उर्दू को दूसरी राजभाषा का दर्जा दिए जाने की अधिसूचना जारी की थी। इस सम्बन्ध में 19 नवम्बर 1990 को शासनादेश जारी किया गया था। बीच-बीच में इसके पालन के निर्देश भी जारी होते रहे हैं। लेकिन सख्ती से इसका पालन नहीं हो पा रहा था। अब एक बार फिर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने इस सम्बन्ध में निर्देश जारी कर दिया है।

**अन्य खबरों के लिए देखे WWW.KNLSIVE.COM**

## कांग्रेस अध्यक्ष बनने के सवाल पर पहली बार बोले राहुल गांधी- कोई कन्फ्यूजन नहीं है, इंतजार करिए



राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बनेंगे या नहीं? इस पर कांग्रेसियों के अलावा देश भर के राजनीतिक पंडितों की नजर है। इस बीच राहुल गांधी ने इस सस्पेंस को और बढ़ाते हुए इंतजार करने की बात कही है। भारत जोड़ो यात्रा पर निकले राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा, %मैं कांग्रेस का अध्यक्ष बनूंगा या नहीं, यह बात तब पता चल जाएगी जब कांग्रेस के संगठन चुनाव होंगे। मुझे क्या करना है, इसे लेकर मैं पूरी तरह से क्लियर हूं। मेरे दिमाग में कोई कन्फ्यूजन नहीं है।% यही नहीं राहुल गांधी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि उसने देश के सभी संस्थानों पर कब्जा जमा लिया है और उन पर दबाव बना रही है। हम सिर्फ एक राजनीतिक दल से नहीं लड़ रहे हैं। यह लड़ाई भारत की पूरी व्यवस्था और विपक्ष के बीच हो गई है। राहुल गांधी ने कहा कि दो अलग-अलग विचारों की यह लड़ाई करीब हजार साल से चली आ रही है और जारी रहेगी। भारत को लेकर दो विजन हैं। एक ऐसा विचार है, जो सबको कंट्रोल करने की बात करता है। इसके अलावा दूसरा ऐसा है, जो खुले विचारों वाला है और सबका सम्मान करता है। इन दोनों के बीच लड़ाई तो जारी ही रहेगी। बता दें कि राहुल गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष बनेंगे या नहीं, इसे लेकर लगातार कांग्रेस पार्टी पसोपेश में चल रही है। अशोक गहलोत समेत कई कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी से आग्रह किया है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लिए तैयार हो जाएं। बता दें कि इस बीच कांग्रेस ने मुकुल वासनिक को मध्य प्रदेश के प्रभारी पद से हटा दिया है। ऐसे में इस बात की भी चर्चा है कि क्या उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है। वहीं एक वर्ग ऐसा भी है, जो अशोक गहलोत के नाम को लगातार आगे बढ़ा रहा है। हालांकि खुद अशोक गहलोत ने अपने अध्यक्ष बनने की चर्चाओं को खारिज कर दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि सोनिया गांधी की अशोक गहलोत को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर सहमति है। उनकी राय से प्रियंका गांधी और राहुल गांधी जैसे नेता भी सहमत हैं।

## 'यूपी के मदरसों पर बीजेपी की टेढ़ी नज़र', सर्वे को लेकर मायावती ने योगी सरकार पर साधा निशाना

बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी में मदरसों के सर्वे को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार और बीजेपी पर निशाना साधा है। शुक्रवार को एक ट्वीट में उन्होंने लिखा कि यूपी के मदरसों पर बीजेपी की टेढ़ी नज़र है। उन्होंने बीजेपी पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का भी आरोप लगाया। मायावती ने लिखा, मुस्लिम समाज के शोषित, उपेक्षित और दंगा-पीड़ित होने आदि की शिकायत कांग्रेस के ज़माने में आम रही है, फिर भी बीजेपी द्वारा तुष्टिकरण के नाम पर बीजेपी संकीर्ण राजनीति करके सत्ता में आ जाने के बाद अब इनके दमन व अतंकित करने (Muslim teasing) का खेल अनवरत जारी



है, जो अति दुःखद और निन्दनीय है। एक के बाद दूसरे ट्वीट में उन्होंने लिखा- इसी क्रम में अब यूपी में मदरसों पर भाजपा सरकार की टेढ़ी नजर है। मदरसा सर्वे के नाम पर कौम के चन्दे पर चलने वाले निजी मदरसों में भी हस्तक्षेप का प्रयास अनुचित जबकि सरकारी अनुदान से चलने वाले मदरसों और सरकारी स्कूलों की बदतर हालत को सुधारने पर सरकार को ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। गौरतबल है कि मायावती पहले भी बीजेपी सरकार पर निशाना साधती रही हैं। गुरुवार को एक ट्वीट में उन्होंने बीजेपी सकरार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाया था। मायावती ने यूपी में इस साल बेहद कम बारिश होने का उल्लेख करते हुए प्रदेश और केंद्र सरकार से किसानों की तत्काल मदद की मांग की थी। इसके पहले बसपा सुप्रीमो ने बीते दिनों यूपी सरकार की ओर से किसानों को मदद की घोषणा को ऊंट के मुंह में जीरा जैसा बताया था।

# विकलांग बच्चे की थोड़ीआर्थिक मदद के साथ-साथ बच्चे के स्वाभिमानऔर जज्बे के लिये उसे सम्मानितभी किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एक विकलांग बच्चे की थोड़ीआर्थिक मदद के साथ-साथ बच्चे के स्वाभिमानऔर जज्बे के लिये



उसे सम्मानितभी किया गया, आशुतोष वर्मा नाम का ये बच्चा एटा, श्रृंगार नगर का रहने वाला है बच्चा दोनों पैरों से बेकार है खड़ा तक नहीं हो सकता है नाही ठीक से बोल सकता है पर उसका स्वाभिमान सलाम योग्य है वहअपनी ब्लीचेयर पर गुब्बारे बांध कर दिनभर बेचता हैऔर परिवार की मदद भी करता है इस बच्चे को हमारे दो पत्रकारों ने अपने केमरे की नजर में कैद किया इविलास खान,मुशीर अहमद,ने और सहयोग करने की भूमिका बना ली हां हमारे समाज की यह जिम्मेदारी में आता है कि अगर कोई इस तरह अंग भंग असहाय या गरीबी से पीड़ित है उसकी मदद करके मानवता का परिचय और सहारा बने।

## मादक पदार्थो के अवैध व्यापार की रोकथाम हेतु चलाया गया एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपदीय पुलिस द्वारा शासन की मंशानुरूप बच्चों द्वारा नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के अवैध व्यापार की रोकथाम हेतु चलाया गया एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान। शासन की मंशानुरूप वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस ने बच्चो द्वारा नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध व्यापार की रोकथाम हेतु जनपद भर में एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान जनपदीय पुलिस द्वारा मेडिकल स्टोर चेक किए गए तथा जगह- जगह जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया।

# भ से भाजपा, भ से भ्रष्टाचार: अखिलेश बोले-करप्शन से लड़ेगी तो सरकार बनाने-गिराने का पैसा कहां से लाएगी बीजेपी

विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार भाजपा पर हमलावर हैं। कभी ट्विटर पर तो कभी कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं पर तंज कसते नजर आ जाते हैं। एक दिन पहले ही अखिलेश यादव ने डिप्टी सीएम केशव को 100 विधायक लाकर उनको सीएम बनाने का ऑफर दिया था। इस पर भाजपा ने भी जमकर पलटवार किया।शुक्रवार को एक बार फिर अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया। अखिलेश यादव ने लिखा, भाजपा कह रही है कि वो भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ अभियान छेड़ेगीज्तब तो उनका घर ही खाली हो जाएगार्जफिर सरकारों को गिराने-बनाने का पैसा भाजपा के पास कहाँ से आयेगाज्कठपुतलियों को सोने के तार से कैसे खींचा जाएगाज्आख़िर में ये अभियान भी जुमला बनकर रह जाएगा। 'भ' से भाजपा, 'भ' से भ्रष्टाचार।



## अखिलेश यादव से मिले शशि प्रताप सिंह

सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर को झटका देकर अपनी पार्टी बनाने वाले शशि प्रताप सिंह ने शुक्रवार को एक बार फिर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की।

सुभासपा से अलग होने के बाद अखिलेश से यह उनकी तीसरी मुलाकात थी। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के कई क्षेत्रीय राजनीतिक दल भारतीय लोकतांत्रिक गठबंधन के तहत एकजुट हो रहे हैं। जल्द ही वाराणसी में एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले सभी चुनाव, गठबंधन सपा के साथ मिलकर ही लड़ेगा। शशि प्रताप सिंह ने पिछले दिनों राष्ट्रीय समता पार्टी के नाम से अपनी नई पार्टी बना ली थी। बतौर राष्ट्रीय संयोजक शशिप्रताप लगातार पार्टी को मजबूत करने में लगे हैं।

## बेरहम पिता ने बेटे पर निकाला पत्नी का गुस्सा, मासूम को जमीन पर पटका, दादा ने लिखाई रिपोर्ट

यूपी के बुलंदशहर में झकझोर कर देने वाला मामला सामने आया है। पत्नी से झगड़े में एक व्यक्ति इतना बेरहम हो गया कि उसको अपने एक साल के बेटे पर भी तरस नहीं आया। उसने पत्नी का गुस्सा मासूम को जमीन पर पटक कर उतारा। इससे बालक के पैर में फ्रेक्चर और आंख-सिर में गंभीर चोट आई हैं। बच्चे के दादा ने अपने बेटे के खिलाफ नगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गेट के पास जाकर पटक कर उसकी हत्या का प्रयास किया। नगर कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बेटी से छेड़खानी, विरोध पर पीटा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -बेटी के साथ आरोपियों ने छेड़खानी कर दी। जब विरोध किया तो आरोपी हमला कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। मामले की रिपोर्ट पीड़ित ने दर्ज कराई है।थाना पिलुआ के एक गांव निवासी मां ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि छह सितंबर को आरोपी करू निवासी गणेशपुर थाना पिलुआ सहित दो आरोपियों ने बेटी के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर हमला कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी है। पिलुआ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## उप मुख्य मंत्री का भव्य स्वागत




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री / स्वास्थ्य मंत्री श्री ब्रजेश पाठक का अभी अभी कासगंज वाया एटा से मैनपुरी जाते समय सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ,भाजपा जिला महामंत्री सचिन उपाध्याय , भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता भामाशाह सहित अन्य नेताओं ने किया भव्य स्वागत

# आरएसएस के प्रांत कार्यवाह राजपाल सिहं का हुआ निधन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा -आर एस एस के प्रांत कार्यवाह राजपाल सिहं का आज शुक्रवार को कैलाश हॉस्पीटल नोयडा में कैंसर बीमारी के उपचार के दौरान निधन हो गया है ! बताया जाता है कि एटा शहर के शांति नगर निवासी राजपाल सिहं कई महीनों से आंत के कैंसर की बीमारी से ग्रसित चल रहे थे जिनका उपचार पिछले कुछ दिनो तक आगरा के पुष्पाजंलि हॉस्पीटल में चल रहा था ! हालत में सुधार न होता देख परिजन उन्हें कैलाश हॉस्पीटल ले गऐ थे ! राजपाल सिहं के निधन पर एटा कासगंज से भाजपा सांसद राजवीर सिहं राजू , अलीगंज विधायक ठा. सत्यपाल सिहं राठौर , सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड , विधायक मारहरा वीरेन्द सिहं लोधी सहित अलीगंज के पालिकाध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता , ठा. अजयपाल सिहं बंटी ठाकुर अध्यक्ष नगर उद्योग व्यापार मडंल अलीगंज , डा. सुभाष शाक्य , भाजपा नेता विक्रांत माधौरिया आदि लोगों मे विनम्र श्रद्वाजंलि अर्पित करते हुऐ शोक व्यक्त कर आरएसएस के लिऐ अपूर्णनीय क्षति बताया है !

# निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी होने पर डीएम ने जताई नाराजगी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा -डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। तरगवां में राजकीय महाविद्यालय के अवशेष कार्य एवं अलीगंज में स्टेडियम के अवशेष कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण कराकर हैंडओवर किया जाए। जनपद में जल निगम की ओर से संचालित पाइप पेयजल योजना के तहत समस्त टंकियों को एक बार पुन चेक करा लिया जाए। सभी टंकी चालू हालत में मिलनी चाहिए। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों के निर्माण कार्य की प्रगति काफी धीमी होने पर नाराजगी जाहिर की। कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि जिन विद्यालयों को कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है, वहां अतिशीघ्र शुरू कराया जाए। कलक्ट्रेट सभागार में निर्देश देते हुए कहा कि डीएम ने आकांक्षात्मक विकासखण्ड सकीट, जैथरा, अवागढ़ में अधिकारियों, कर्मचारियों की रिक्तियों के सापेक्ष तैनाती के कार्य को प्रत्येक दशा में पूर्ण कराया जाए। प्रभारी डीपीओ संजय को निर्देश दिए कि जनपद में रिक्त चल रहे जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीडीपीओ, मुख्य सेविकाओं के रिक्त पदों को आकांक्षात्मक ब्लॉक में भरने के लिए शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र अतिशीघ्र भेजें। इसके साथ ही एएनएम, चिकित्साधिकारियों, लेखपाल, ग्राम पंचायत अधिकारी आदि अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों की रिक्तियों को भी पूर्ण कराया जाए। संबंधित विभागों की ओर से प्रतिमाह पत्र शासन को भिजवाया जाए। एडीओ पंचायत समस्त ब्लॉक के 8-10 स्कूलों का भ्रमण कर अव्यवस्थाओं को दूर करने के निर्देश दिए

# दहेज उत्पीड़न की शिकार महिला पहुंची एसएसपी कार्यालय पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दिया शिकायती पत्र

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद मुगलपुरा -जनप्र मुरादाबाद थाना मुगलपुरा निवासी महिला ने अपने पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप बीते कुछ समय पूर्व महिला ने पुलिस से की थी शिकायत पुलिस ने किया था मुकदमा दर्ज वही महिला का आरोप है कि मेरे पति हर्षित रस्तोगी ने कुछ समय बीत जाने के बाद प्रार्थिनी व उसके परिवार का उत्पीड़न करने के लिए प्रार्थिनी पर झूठे मुकदमे दर्ज कराने लगा जिसमें से तीन 556 ( 3 ) दश प्रश संह के झूठे प्रार्थना पत्र माननीय न्यायालय द्वारा खारिज कर दिए गए हैं व मुकदमा संख्या 011/ 2022 अंतर्गत धारा 392,323,504,506 आईपीसी थाना कोतवाली पर दर्ज कराया जिसमें भी विवेचना के उपरांत घटना झूठी पाए जाने पर विवेचक द्वारा फाइनल रिपोर्ट सं0 17 /2022 लगा दी गई है इसी प्रकार उक्त हर्षित रस्तोगी प्रार्थिनी व उसके परिवार वालों के विरुद्ध लगातार झूठे मुकदमे दायर करने में लगा हुआ है और इसके द्वारा कई झूठे व फर्जी घटनाएं बनाकर प्रार्थना पत्र पुलिस व उच्च अधिकारियों व माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किए गए जा रहे हैं जबकि उक्त हर्षित रस्तोगी व उसके परिवार ने ही प्रार्थिनी का उत्पीड़न किया है और उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया है, अब उक्त हर्षित रस्तोगी कानून का दुरुपयोग कर प्रार्थना व उसके परिवार का लगातार झूठे प्रार्थना पत्रों व झूठे मुकदमों के माध्यम से उत्पीड़न करने में लगा है महिला का आरोप है कि हर्षित रस्तोगी ने प्रार्थिनी को बिना तलाक दिए एक महिला से दूसरी शादी भी कर ली है जिसके लिए वे प्रार्थिनी पर दबाव बना रहा है कि प्रार्थिनी उक्त झूठे व फर्जी मुकदमो एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों से परेशान होकर उसे तलाक दे दे वही महिला ने इतना ही नहीं अपने पति पर गंभीर आरोप लगाया है महिला का कहना है कि उसका पति अवैध रूप से मैच सट्टे का कारोबार भी करता है जिससे यह अवैध धन राशि कमाता है और उस धनराशि का प्रयोग झूठे मुकदमे दर्ज कराने के लिए कर रहा है वही वहीं इसी पूरे प्रकरण को लेकर महिला नूपुर रस्तोगी मुरादाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है दरअसल महिला ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसका पति हर्षित रस्तोगी पुत्र राकेश रस्तोगी निवासी चौराहा गली थाना कोतवाली मुरादाबाद के विरुद्ध प्रार्थिनी की रिपोर्ट दर्ज कराकर इसके विरूद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए इसके द्वारा प्रार्थिनी व उसके परिवार पर लगाए जा रहे इसे झूठे मुकदमों को रोकने की भी मांग की है

# बिना परमिट चल रहे टैंपों लौटाए, पैदल भटके यात्री



मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में उत्तराखंड के टैंपो चालकों के पास यूपी का परमिट नहीं है। इसके बावजूद वह काशीपुर से ठाकुरद्वारा तक सवारियों को लाते-ले जाते हैं। एसएसपी के आदेश पर शुक्रवार को पुलिस ने राज्य सीमा के बैरियर पर सख्ती बढ़ा दी। जिससे काशीपुर के टैंपों चालकों को सवारियां छोड़कर बैरंग लौटना पड़ा। चार से पांच किलोमीटर पैदल चलकर सवारियां ठाकुरद्वारा पहुंची। बीते दिनों ठाकुरद्वारा पहुंचे एसएसपी हेमंत कुटियाल से काशीपुर-मुरादाबाद बस ऑपरेटर्स यूनियन ने शिकायत की थी। जिसमें बताया कि काशीपुर के टैंपों चालक बिना परमिट ठाकुरद्वारा तक सवारियां लाते और ले जाते हैं। इससे परमिटधारकों को नुकसान हो रहा है। एसएसपी ने थाना पुलिस को अवैध टैंपों का संचालन तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए थे। गुरुवार को फिर बस ऑपरेटर्स यूनियन के पदाधिकारी कोतवाल योगेंद्र सिंह से मिले। जहां उन्होंने अपनी मांग दोहराई। इसके बाद शुक्रवार को सुबह से ही पुलिस ने राज्यसीमा बैरियर पर सख्ती बढ़ा दी। इस दौरान उत्तराखंड से आने वाले सभी सवारी वाहनों के परमिट चेक किए गए। बिना परमिट वाले वाहनों को वापस लौटाया गया। इससे सवारियों को इधर-उधर भटकना पड़ा। इस दौरान कुछ सवारियां पैदल चलकर ठाकुरद्वारा पहुंची।

# दरोगा भाई के संपर्क में रहकर बचाव की स्क्रिप्ट तैयार कर रहा था इश्तियाक

मुरादाबाद -अभिभावकों द्वारा आरोपी शिक्षक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया। इसकी जानकारी होने पर आरोपी शिक्षक इश्तियाक तत्काल स्कूल से फरार हो गया। ठाकुरद्वारा पुलिस ने स्कूल व घर पर दबिश दी, लेकिन वह पकड़ा नहीं जा सका। पुलिस ने संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश भी दीं, लेकिन सफलता हाथ नहीं लग सकी।पुलिस ने आरोपी का मोबाइल ट्रेस किया तो वह मेरठ में तैनात एक दरोगा से लगातार लंबी बातचीत होने की पुष्टि हुई। पता चला कि आरोपी शिक्षक का दरोगा रिश्ते का भाई है। दो दिन के भीतर उसने बीस से अधिक कॉल कीं। आरोपी शिक्षक इश्तियाक अपने दरोगा भाई से बचाव के लिए स्क्रिप्ट तैयार कर रहा था। पुलिस ने मेरठ के अधिकारियों से संपर्क कर दरोगा के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी दी। दरोगा ने अपनी नौकरी बचाने के लिए इश्तियाक के बारे में पूरी जानकारी पुलिस को दे दी। यह भी बता दिया कि वर्तमान में उसकी उत्तराखंड भागने की योजना है। पूरी जानकारी होने के बाद पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने जसपुर तिराहे के पास से आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति तथा जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में जिला पर्यावरण समिति तथा जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि ई-वेस्ट निस्तारण की कार्यवाही को पोर्टल पर सही आंकड़ों के साथ अपलोड करते रहें, इसकी प्रदेश एवं केन्द सरकार स्तर पर निरन्तर मानीटरिंग हो रही है। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण में प्राविधिक शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायतीराज, कृषि, उद्यान, सहकारिता, पशुपालन, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, बेसिक शिक्षा आदि विभागों की जियो टैगिंग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शत प्रतिशत जियो टैगिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी आंकड़े दुरस्त रखे इसका असर जिले की रैकिंग पर पड़ता है। बायोमेडिकल वेस्ट के संबंध में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि इस सम्बन्ध में ठीक प्रकार से कार्य किया जा रहा है। ई-वेस्ट के संबंध में प्रदूषण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि अगस्त माह में 50 इकाईयों का निरीक्षण किया गया है तथा रामगंगा में प्रदूषण स्तर की निरन्तर मानीटरिंग की जा रही है। टैªफिक पुलिस ने बताया कि अगस्त माह में 2400 व्हीकल को प्रदूषण हेतु चालान किए गये हैं। एआरटीओ ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा 119 चालान किए गये हैं। जिलाधिकारी ने दोनों विभागों को संयुक्त रुप से रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक में रामगंगा पर किए गये कार्यो के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी और सुझाव दिए गये कि किस प्रकार से रामगंगा नदी को और बेहतर निर्मल एवं स्वच्छ बनाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस क्षेत्र में जो भी अच्छे कार्य किए जाये उनका प्रजेन्टेशन भी अवश्य करें, ताकि उच्च अधिकारियों को भी दिखाया जा सके। रामगंगा रीवर फन्ट डवलपमेंट के संबंध में अधिशासी अभियन्ता बाढ़खण्ड ने बताया कि प्रोजेक्ट के स्टीमेट बन गये है जिस पर जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट को तत्काल शासन को प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में नमामि गंगे के अन्तर्गत कार्यो की प्रगति समीक्षा की गयी तथा जिला सीमा के भीतर रामगंगा नदी में तरल और ठोस अपशिष्ट लाने वाले नालों की निगरानी करते हुए रामगंगा नदी में प्रदूषण की रोकथाम हेतु माइक्रो प्लानिंग कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिये गये। उन्होंने डब्ल्यू डब्ल्यू एफ एवं परिवर्तन द चेन्ज संस्था द्वारा रामगंगा पर किए जा रहे कार्य को पूरी क्रियाशिलता के साथ करने के निर्देश दिये। क में प्राकृतिक /जैविक खेती को बढावा देने सहित जैव विविधता का संरक्षण, वन रोपण, नदी घाट पर आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के अतिरिक्त घाटों के रख-रखाव तथा जनपद के जिन-जिन ग्रामों से रामगंगा नदी गुजरती है वहां पर गंगा आरती आयोजन हेतु गंगा चबूतरा बनाये जाने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में डीएफओ सूरज, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री सुरेन्द्र सिंह, परियोजना निदेशक सतीश कुमार मिश्र, एलडीएम विशाल दीक्षित, एआरटीओ छवि सिंह, डीपीआरओ, सहित स्वास्थ्य, पशुपालन, प्रदूषण नियंत्रण विभाग सहित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत एवं डब्ल्यू-डब्ल्यू एफ, परिवर्तन द चेंज, नेहरू युवा केन्द्र, एनजीओ के सदस्य तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Political donation game


The Income Tax Department has removed some veils from the darkness that has been prevailing in the name of politics and elections. A lot has happened under the guise of political parties, which was not noticed by the Election Commission or the government. The Income Tax Department has raided around 205 locations in Delhi, Gujarat, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Maharashtra, Chhattisgarh, Haryana and Karnataka and busted several alleged political parties. It is a matter of shame that political parties are running from slums and gumtis and are making crores of rupees. Income Tax officials traced a registered but unrecognized party in Uttar Pradesh's Sultanpur that operated out of a watch repair shop and had accepted Rs 370 crore as donations in the last three years. Obviously, it became necessary for the Income Tax Department to trace the person who is making billions of rupees in the name of a political party. Apart from the owner of the watch shop, it is also necessary to catch the owner of such a political party, for which politics or party is only a business. Don't know how long such parties are running black business? In fact, it is a serious offense that many such alleged political parties are engaged in the business of laundering black money or evading income tax. It is learned that such parties get three to five percent commission for money laundering. Meaning, the alleged party chief who made Rs 300 crore as donation from black to white would have made a profit of Rs 9 crore. Can one become a millionaire even if one fills the registration of a political party and does not contest elections? Then the question arises as to who benefits from such unrecognized registered parties? Such parties are neither fighting on the ground nor following morality. Their only job is to institutionalize corruption in the society. Such a party is running from a slum in Mumbai, which has received Rs 100 crore in donations in two years, which means that the head of this party earned Rs 3 crore in two years. This wrong practice or economic corruption is an injustice to those people, who actually struggle a lot to earn the bread of June 2. The registration of political parties was not liberalized so that a party could start its business. In fact, when someone donates to political parties, he also gets the benefit of income tax exemption on that amount. A lot of money comes to political parties in such a way, the source of which does not have to be disclosed. Donations or donations can be easily hidden by political parties, as there is no special arrangement to check them. Whenever there is talk of making donations official or fully declared or transparent, major political parties go ahead and ensure their free economic freedom. The Income Tax Department has done a daring job by conducting raids in this regard. This process should continue. The accounts of big parties should also be scrutinised. It is not fair that only small parties should be targeted. The Election Commission should also be active, when only 55 parties are recognized, then what work are more than 2,000 other registered parties engaged in?

# Shah Rukh Khan's daughter was trolled for wearing a transparent dress, it was visible



Shahrukh Khan's daughter Suhana Khan has been spotted at the Mumbai airport. She has returned from London. However, she is being heavily trolled. Suhana Khan wore a white revealing and transparent crop top and black pants on the occasion. While there she was wearing a mask. She was carrying a bag and she is seen walking wearing sneaker shoes. Suhana Khan's slim and toned figure is also visible - Suhana Khan's slim and toned figure is also visible on this occasion. Suhana Khan's video has got more than 60000 likes in 14 hours. While more than 338 comments have been made on the video. Although many comments are trolling. One troller wrote, 'What kind of revealing outfit is this? It is written, 'Hollywood trend has reached Bollywood. Show everything by wearing clothes.' One has written, 'These people also consider themselves to be superstars.' One has written, 'Junior Malaikal' while another wrote It is written, 'So what should we do? Distribute pudding Suhana Khan is very popular on social media - Suhana Khan is quite popular on social media And she often shares her hot and bold pictures and videos on Instagram. Her fans are also excited about it. She was recently seen partying with her friends. HelloSuhana Khan is going to debut with the film The Archies soon"Suhana Khan is soon going to debut with the film The Archies. Apart from her, Khushi Kapoor and Agastya Nanda have an important role in this film. The teaser of this film has been released.

# Shama Sikander shared the boldest photo ever in a stringed top, take a look at it carefully



Shama Sikander, one of the famous and bold actresses of TV, is setting the internet on fire these days through her hot pictures. Shama has decided that every day she will remain on the hearts of the fans by dropping the lightning of her style. Every day Shama is seen sharing the latest post on social media. Meanwhile, once again in a picture of Shama, the fans have been put to sleep. In this picture, discussions of her hotness are happening everywhere, Shama set fire with bold style – Sham Sikandar is also very active on social media along with acting. She often keeps posting her hot and bold photos. Meanwhile, a latest picture of Sham has come into the limelight. Shama has posted a photo of herself on Instagram. In this picture you can see that she is looking very beautiful. Talking about the look, Shama has carried a colorful polka dot dress. The top of this dress of hers is quite bold. His top is open from the front and rests on a string. At the same time, her skirt is matching with the top. Fans are very fond of this picture. Commenting on this, fans are praising Shama's hotness and style. So far this picture has got a lot of views. The picture is getting viral in the nighty - Let us tell you that recently Shama Sikander posted a picture of herself on Instagram account. In this picture, Shama was seen in a very bold avatar. In the picture you can see that Shama is wearing a bold red color nighty, in which she is looking hot. Along with this, her hair is open, which is making her whole look even more beautiful. As always, this picture is being liked by the fans a lot. On this, fans were constantly seen praising him by commenting.

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527


# होडिंग पर जबरन फ्लेक्स लगाने का आरोप, नगर पंचायत की मनमानी

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर-दतिमा मोड़- नगर पंचायत बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड परिसर में विभिन्न ठेकेदारों द्वारा हाट बाजार के ऊपर अपना-अपना होडिंग बोर्ड लगाया गया है इसके एवज में नगर पंचायत बिश्रामपुर प्रत्येक वर्ष के हिसाब से 6000 की राशि ठेकेदारों से लेती है। तत्पश्चात विभिन्न आयोजनों एवं राजनीतिक कार्यक्रमों के दौरान अलग-अलग दल अपना-अपना फ्लेक्सी ठेकेदारों के बोर्ड पर लगाकर ठेकेदार को राशि देते हैं इसी कड़ी में कुछ दिन पूर्व क्षेत्र में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता का आगमन हुआ था और इस अवसर पर भाजपा के नेताओं ने नगर पंचायत के होर्डिंग ठेकेदार गोल्डन ग्राफिक्स के बोर्ड में अपना फ्लेक्सी का शुल्क अदा कर 1 महीने के लिए लगाया था लेकिन दो दिन बाद ही नगर पंचायत के द्वारा उक्त फ्लेक्सी को हटाकर अन्य फ्लेक्सी जबरन लगवा दिया गया। ऐसा आरोप ठेका एजेंसी गोल्डन ग्राफिस के संचालक अमरिक सिंह ने लगाते हुए गुरुवार को नगर पंचायत विश्रामपुर सीएमओ से लिखित शिकायत की है ठेका एजेंसी ने नगर पंचायत अध्यक्ष पर कार्यवाही करने सहित लगे हुए फ्लेक्स को जल्द हटाने की मांग की है। गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष नगर पंचायत बिश्रामपुर होडिंग का ठेका निकालकर ठेकेदारों से प्रत्येक वर्ष की राशि एक मुश्त वसूल कर रख लेती है लेकिन इस प्रकार के मामले के बाद नगर पंचायत बिश्रामपुर की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रही है। इस मामले में ठेकेदार अमरिक सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि यह सरासर गुंडागर्दी है क्योंकि जब मैंने एक वर्ष का पूरा शुल्क नगर पंचायत को दे दिया है तो फिर मेरे होडिंग मे बिना मेरी अनुमति के अन्य फ्लेक्सी लगवाना जबरदस्ती है जो ठीक नहीं है क्योंकि वहां मेरी अन्य पार्टी का फ्लेक्सी लगा हुआ था। जिससे मैंने राशि ली है। ऐसे में जहां मेरी छवि खराब हो रही है तो दूसरे और मुझे आर्थिक रूप से भी नुकसान झेलना पड़ रहा है।

# झुंड से बिछड़कर रिहायशी इलाके में पहुंचा हाथी, झोपड़ी में सो रहे ग्रामीण को कुचलकर मार डाला, गांव में दहशत



छत्तीसगढ़ में हाथियों का आतंक लगातार जारी है। गरियाबंद जिले के वन परिक्षेत्र मैनपुर में शुक्रवार तड़के 4 बजे एक जंगली हाथी ने झोंपड़ी में सो रहे ग्रामीण को सूंड से खींचकर निकाला और पटककर पैरों से कुचल दिया। ग्रामीण की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर वन और पुलिस का अमला गांव पहुंचा। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। वन विभाग ने हाथी की मौजूदगी वाले इलाके में ग्रामीणों को नहीं जाने मुनादी कराई है। मिली जानकारी के मुताबिक तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत जिडार के आश्रित ग्राम सिहार में पहाड़ी किनारे झोपड़ी बनाकर ग्रामीण गंगाराम ( 56 वर्ष ) निवास करता था। शुक्रवार सुबह लगभग 4 बजे के आसपास एक हाथी झुंड से बिछड़कर गांव पहुंच गया। हाथी ने ग्रामीण गंगाराम को उसके झोपड़ी से खींचकर बाहर निकाला और सूंड से पटककर पैरों से कुचल दिया। हाथी की दस्तक से गांव में दहशत है। हाथी की निगरानी करने वन अमला तैनात-। उनके द्वारा एक ग्रामीण गंगाराम सोरी जाति कमार को पटककर मार दिया है। वन विभाग द्वारा पंचनामा की कार्यवाही कर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाएगा। सोरी ने बताया कि हाथी की मौजूदगी वाले इलाके में ग्रामीणों को नहीं जाने मुनादी कराई गई है। हाथी की निगरानी के लिए वन अमला भी तैनात कर दिया गया है।

# 'एक परिवार की सेवा में लगे हैं भूपेश', BJP अध्यक्ष जेपी नड्डा बोले- छत्तीसगढ़ को कांग्रेस का एटीएम बना दिया



छत्तीसगढ़ दौरे पर आए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भूपेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कोई विचारधारा नहीं है। मुख्यमंत्री भूपेश भाई-बहन की सेवा करने में लगे हुए हैं। एक परिवार के सेवा से छत्तीसगढ़ का विकास ठप पड़ा है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि भारत जोड़ो से पहले कांग्रेस पार्टी को जोड़ लें। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। नड्डा ने कहा कि हमारी लड़ाई परिवारवाद के खिलाफ है। कांग्रेसी भाई-बहन की पार्टी हो गई है। कांग्रेस को घर बैठाना जरूरी है। छत्तीसगढ़ राज्य पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की देन है।रायपुर के साइंस कालेज में कार्यकर्ता सम्मेलन में जेपी नड्डा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक तरफ कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार है जो सिर्फ और सिर्फ जनता को लूटने में लगी है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा की सरकार थी जो दिन-रात छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा में लगी थी। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद प्रदेश में विकास ठप हो गया है। कोई काम ठीक से नहीं हो रहा है। प्रदेश सरकार कर्ज में डूबी है। पूरे प्रदेश में रेत माफियाओं का आतंक बढ़ रहा है। कोयला माफिया सक्रिए हैं। हर कोयले के ट्रक में इनका कमीशन है। आयरन ओर में इनका कमीशन है। भूपेश बघेल सरकार केवल जनता को लूटने में लगे हुए हैं। प्रदेश के विकास से इन्हें कुछ लेना नहीं है।

## कांग्रेस के लोग भाई को भाई से लड़ाते हैं

कांग्रेस के लोग भाई को भाई से लड़ाते हैं। इलाकों को इलाकों से लड़ाते रहे हैं। जाति के नाम पर वोट मांगते समाज को भ्रमित करते हैं। ये भ्रष्टाचार के सहारे लोगों को गुमराह करते करते रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संस्कृति है कि अब किसी को भी जनता के सामने जाना है तो अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर जाना पड़ेगा। जनता को बताना पड़ेगा कि उसने क्या किया है। मोदी ने हजारों करोड़ों रुपये से स्मार्ट सिटी बनाने का काम किया है। डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदलने का काम किया है। जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा प्रदेश में किए विकास कार्यों को गिनाया। कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा प्रभारी डी पुरंदेश्वरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव सहित भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गरीब जनता को लूटकर ये घर भरने में लगे

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मैं आ रहा था तभी मैंने रास्ते में पूछ लिया स्काईवॉक का क्या हुआ, तब पता चला कि इसका काम रोक दिया गया है। इसको तोड़ने की बात हो रही है। ऐसा लोगों को सरकार में लाएंगे। कांग्रेस के लोग स्काई राइड करें और आम लोगों के स्काईवॉक से दिक्कत है। ये विकास विरोधी लोग हैं। ये नहीं चाहते कि समाज आगे बढ़े। ये चाहते हैं कि इनका घर भरे। ये कांग्रेस पार्टी का एटीएम बनकर गरीब जनता को लूटकर घर भरने में लगे हैं। ये सिर्फ एक परिवार की सेवा में लगे हैं। इन्हें प्रदेश की जनता की चिंता नहीं है। प्रदेश में कई जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। अभी 3 नए मेडिकल कॉलेज खोले हैं। उनकी आपकी चिंता नहीं, बल्कि एटीएम से पैसा गया कि नहीं यह चिंता है।

## छत्तीसगढ़ में फिर बनेगी भाजपा की सरकार

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जहां-जहां भूपेश बघेल चुनाव के प्रभारी बनते हैं वहां पार्टी का बंटाधार हो जाता है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस सिमटी, असम में सिमटी। अब हिमाचल की जिम्मेदारी मिली है। हाथ में गंगाजल लेकर जनघोषणा पत्र के एक-एक वादे का क्रियान्वयन करने की बात कहीं थी, लेकिन 36 वादे आज तक पूरे नहीं किए। देश में शराब की घर पहुंच सेवा सिर्फ छत्तीसगढ़ में है। किसानों को 2 साल का बोनस देने की बात कहीं थी, लेकिन बोनस नहीं दिया। आज गांव में कहीं भी जाकर पूछोगे कि छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा लबरा कौन है तो लोग खुद से भूपेश बघेल का नाम लेते हैं। ये लोग कोयले पर 25 रुपये टन की अवैध वसूली की जा रही है। बेरोजगारी के मुद्दे पर युवा मोर्चा के प्रदर्शन के बाद सरकार की जड़े हिल गई। उन्होंने कहा कि 2023 में चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से जीतेगी और छत्तीसगढ़ में फिर भाजपा की सरकार बनेगी।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# प्राइमरी पाठशाला धनीपुर के गंभीर दुर्दशा पर चिंता जताई भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ने किया दौरा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ प्राइमरी पाठशाला धनीपुर का दौरा किसानों ने बताया था कि धनीपुर इस प्राइमरी पाठशाला में उनके बच्चे पढ़ते हैं बैठने की कोई सुविधा नहीं प्रांगण में कीचड़ भरी हुई है चारों तरफ बाउंड्री नहीं आगे पानी भरा रहता है स्कूल में के चारों तरफ सफाई व्यवस्था नहीं डेंगू जैसी बीमारी ऐसे ही गंदगी से फैलती है दीवारे टूटी हुई है दिनभर गायों का बास रहता है तो चाबी करती हैं गंदगी फैलाते हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि सरकार से विभाग को स्कूलों की मरम्मत के लिए पैसा मिल चुका है वह पैसा अभी तक स्कूलों में



नहीं लगाया जा रहा है प्राइमरी पाठशाला धनीपुर की हालत काफी खराब है 1 से लेकर पांच तक के बच्चे इस स्कूल में पढ़ते हैं ऐसी गंदगी स्कूल की बच्चों में बीमारी फैल आएगी शिक्षा विभाग के अधिकारी इस चीज को समझ ले प्राइमरी पाठशाला की हालत काफी दयनीय बनी हुई है एक भी सफाई कर्मचारी तैनात नहीं है स्थाई रूप से सफाई कर्मचारी की तैनाती होनी चाहिए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि यह स्कूल 8=00 बजे का है समय उपस्थिति शिक्षकों की होनी चाहिए सिर्फ यही समय से नहीं आएंगे तो पढ़ने वाले छात्र कैसे समय से आएंगे यह तमाम समस्याएं स्कूल की हैं पूरे विभाग के अधिकारियों को इस मामले में पता है लेकिन एक भी अधिकारी इस प्राइमरी पाठशाला का दौरा नहीं करता है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह यह भी कहा है कि अधिकारी एवं कर्मचारी यह समझ ले उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है इस तरह की स्कूलों में सफाई व्यवस्था एवं स्कूल की चारदीवारी की समस्या स्कूल में गंदगी की समस्या स्कूल में बच्चों को पढ़ाने जैसी इन सभी समस्याओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तत्काल इन समस्याओं का निदान हो

# भैंस खरीदने निकले व्यापारी को ग्रामीणों ने बच्चा चोर समझ किया पुलिस के हवाले पूछताछ के बाद पुलिस ने छोड़ा

## बच्चा चोरी के अपवाह में फसा भैंस व्यापारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिले में फैली बच्चा चोरी की अफवाह से एक भैंस व्यापारी की जान पर बन आई। बेलहा राघव गांव में लोगों ने उसको घेरकर बनाया बंधक आपको बता दें कि इन दिनों बच्चा चोरों के गैंग के घूमने की अफवाह जोरों पर है बृहस्पतिवार को थाना नवीन मॉडल अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलहा राघव के मजरा कोरीपुरवा में भैंस व्यापारी अशर्फीलाल का भैंस खरीदने आया था घर पर भैंस मालिक अशर्फीलाल नहीं थे उनके बच्चे घर के बाहर बैठे थे बच्चों से पूछा तो उन्होंने बताया कि पिता जी गांव के बाहर मौर्य के होटल



पर हैं घर पर मौजूद लगभग 8 वर्ष का बच्चा व्यापारी के साइकिल पर बैठकर मौर्य की दुकान बताने चला गया बच्चे के देर तक घर वापस नहीं आने पर परिवार के लोग ढूंढने लगे तब तक व्यापारी बच्चे को लेकर भैंस मालिक के घर की तरफ वापस आ रहा था तभी गांव वालों ने उसको पकड़ कर बंधक बना लिया व्यापारी ने गांव वालों को समझाने की कोशिश की ग्रामीणों ने उसकी एक न सुनी और बंधक बना लिया तथा डायल 112 बुलाकर उनके हवाले कर दिया मामले की जानकारी होने पर नवीन मॉडल थाना के एस एच ओ रामपाल यादव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और व्यापारी से पूछताछ की गई तो व्यापारी ने अपना नाम फज्जू निवासी नरपतपुर इटाहना बताया जिनकी पहचान कर व्यापारी को ग्राम प्रधान नरपतपुर अरशद खान को बुलाकर उन के सुपुर्द कर दिया गया वहीं पर एसएचओ रामपाल यादव ने ग्रामीणों बताया कि बीते दिनों इंटरनेट मीडिया पर बच्चा चोर का गैंग सक्रिय होने की झूठी अफवाह वायरल हो रही है ऐसे में दहशत ज्यादा लोग किसी भी अनजान व्यक्ति को बच्चा चोर समझकर मारपीट की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रही अफवाहों से बचें और मोबाइल पर किसी अनजान व्यक्ति के द्वारा फोन करके ओटीपी मांगने पर वह अनजान व्यक्ति के वीडियो कॉल करने पर कॉल ना रिसीव करने की आज के बारे में जानकारी दी इस मौके पर ग्राम प्रधान नंदलाल व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे

## सड़क किनारे मिला युवक का शव

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- गिलौला भिखारीपुर मसढ़ी चौराहे पर सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। जिसकी पहचान बहराइच के पयागपुर थाना क्षेत्र के सतपेड़िया निवासी के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची युवक की पत्नी ने हत्या का आरोप लगाते हुए गिलौला पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम भेज दिया तथा केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हत्या का कारण जमीनी विवाद बताया जा रहा है।

# कानपुर में लगेगा बॉलीवुड हस्तियों का तड़का, ग्रीन पार्क में जलवा बिखेरेंगी नोरा फतेही और श्रद्धा कपूर



ग्रीन पार्क में होने वाली रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज टी-20 में क्रिकेट के साथ ही बॉलीवुड हस्तियों का भी तड़का लगेगा। नोरा फतेही, श्रद्धा कपूर और कार्तिक आर्यन समेत कई हस्तियां मैदान में रंगारंग प्रस्तुतियों से मनमोहेंगे। मैच का शुभारंभ 10 सितंबर को होने से पहले डेढ़ घंटे का बॉलीवुड नाइट व प्रस्तुतिकरण होगा। ओपनिंग सेरेमनी में प्रदेश व देश की कई नामचीन हस्तियां आ सकती है। मैच को लेकर पुलिस, प्रशासन और नगर निगम के साथ ही खेल विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है।

### पूरी क्षमता से होगा मैच, बायोबबल घेरा रहेगा

ग्रीन पार्क में भारत समेत आठ लीजेंड्स टीमों की प्रतियोगिता पूरी क्षमता के साथ कराने की तैयारी है। फिर भी खेल विभाग की अनुमति ली जाएगी। पिछली बार कोविड प्रोटोकॉल को देखते हुए मैच 70 फीसदी क्षमता से कराया गया था। इस बार 28 हजार की क्षमता के साथ मैच कराने की तैयारी है। इसके साथ ही सभी खिलाड़ी बायोबबल के घेरे में रहेंगे। इसको लेकर प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सर्राफा व्यवसाई के दुकान में दिहाड़े हुई लूट

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-भिनगा नगर के मुख्य नई बाजार में आज सुबह करीब 11=30 ज्वेलरी की दुकान से कुछ अज्ञात लोगों द्वारा लूट कर ली गयीं ज्ञात हो कि नई बाजार में हिना लॉज के ठीक सामने हाजी सलीम पुत्र अब्दुल सलाम की ज्वेलरी की दुकान करते है जहाँ पर पीड़ित अपने दुकान पर बैठे हुए थे उसी समय दो अज्ञात युवक दुकान पर आते ही आभूषण दिखाने को कहते है जिस पर दुकान मालिक ने एक ट्रे में तीन चैन व तीन जोड़ी झाला बारह जोड़ी कान के टॉप्स जो कि लगभग पच्चास ग्राम के आभूषण देखने को दे दिया उसी बीच दोनो युवक दुकानदार से पानी पिलाने को कहते है जैसे ही दुकानदार पानी लेने के लिए हटा वैसे ही दोनो युवक आनन फानन में आभूषण लेकर फरार हो गये दुकानदार पानी लेकर आते ही देखा कि दोनों युवक आभूषण सहित गायब हो गये दुकानदार ने तुरंत पुलिस को इस घटना की सूचना दी जिस पर पुलिस की टीम जांच में जुट गयी/

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ गणेश प्रतिमा का विसर्जन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- गणेश प्रतिमा का विसर्जन थाना क्षेत्र सोनवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलसीपुर से गणेश प्रतिमा को डीजे जय कारे के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्रतिमा को भेसरी नहर मे बिसर्जन किया गया । सोभा यात्रा गणेश प्रतिमा समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार कोषाध्यक्ष अध्यक्ष



राजेश कुमार मंत्री महेश कुमार आदि लोगों के सहयोग से मूर्ति विसर्जन शांति रूप से संपन्न किया गया